कोटद्वार, रविवार
16 नवम्बर 2025
वर्ष: 48
अंक: 183 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## संक्षिप्त समाचार

### भूकंप के झटकों से कांपी धर्मनगरी

हरिद्वार। उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देश पर जिला प्रशासन की ओर से शुक्रवार को आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल का व्यापक अभ्यास किया गया। सुबह 10 बजकर 10 मिनट पर 6.3 तीव्रता के भूकंप की सूचना जिला आपदा प्रबंधन परिचालन केंद्र से प्रसारित होते ही मुख्य विकास अधिकारी एवं इंसिडेंट मॉक कमांडर के नेतृत्व में आईआरएस टीम सक्रिय हुई और स्टेजिंग एरिया ऋषिकुल से राहत–बचाव कार्य शुरू किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान जनपद के विभिन्न स्थानों पर भूकंप से हुई काल्पनिक क्षति का आंकलन किया गया। जिला चिकित्सालय में छत का हिस्सा टूटने से छह लोग घायल हुए, जिन्हें तत्काल रेस्क्यू कर अस्पताल भेजा गया। वहीं, हरकी पैड़ी के निकट शिवपुल ध्वस्त होने से 11 लोग प्रभावित हुए, जिनमें सात सामान्य और चार गंभीर रूप से घायल मिले।

### शराब तस्करी में महिला समेत तीन गिरफ्तार

ऋषिकेश। आबकारी विभाग ने शराब तस्करी की रोकथाम को सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान विभागीय टीम ने देसी, अंग्रेजी और कच्ची शराब के साथ एक महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया। तस्करी में प्रयुक्त एक बाइक को भी सीज कर दिया गया है। निरीक्षक प्रेरणा बिष्ट के मुताबिक शनिवार को वह विभागीय टीम के साथ चेकिंग में जुटी थी। रायवाला में बाइक सवार दो युवकों पर शक होने पर रुकने का इशारा किया, तो वह सकपका गए। नेपाली फार्म फ्लाईओवर पर रोककर उनकी तलाशी ली तो उनके बैग से देसी शराब के 100 पाउच और एक पेटी अंग्रेजी शराब के पव्वे मिले। पूछताछ में आरोपियों की पहचान शालू पुत्र मुन्नालाल और सूफियान पुत्र मोहम्मद युनूस दोनों निवासी बहादराबाद, हरिद्वार के रूप में हुई। निरीक्षक ने बताया कि इसके बाद टीम ने मुखबिर की सूचना पर ऋषिकेश में गुमानीवाला स्थित रूषाफार्म में महेंद्र कौर पत्नी गुरमुख के घर पर छापा मारा। यहां घर से 18 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। बताया कि तीन आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### सैलानियों के लिए खुले राजाजी के गेट

ऋषिकेश। राजाजी टाइगर रिजर्व की मोतीचूर रेंज के गेट सैलानियों के लिए खुल गए हैं। शनिवार को विधिवत पूजा–अर्चना के बाद वार्डन सरिता भट्ट ने रिबन काटकर जीप सफारी मार्ग का शुभारंभ किया। वार्डन सरिता भट्ट ने कहा कि हरिद्वार–देहरादून राजमार्ग से सटे होने के कारण मोतीचूर रेंज में पर्यटक बड़ी संख्या में आते हैं। मोतीचूर रेंज में जैव विविधता के साथी बड़ी संख्या में वन्यजीवों के दीदार होते हैं। इनमें हाथी, हिरण, सांभर, सूअर, गुलदार आदि वन्य जीव अक्सर पर्यटकों को दिखाई देते हैं। शनिवार सुबह तीन वाहनों में कुल सात पर्यटक जीप सफारी के लिए मोतीचूर रेंज पहुंचे।

### ट्रैक्टर ट्रॉली और कार में भिड़ंत से महिला की मौत, चार घायल

रुद्रपुर। थाना पुलभट्टा क्षेत्र के एनएच–74 पर शनिवार सुबह सिरौली के सामने एक कार और पराली से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली में जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में नेपाली मूल की एक महिला की मौत हो गई, जबकि चार लोग घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल रुद्रपुर में भर्ती कराया गया।

मृतका का शव पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, टैक्सी कार चालक शुक्रवार रात दिल्ली से नेपाली मूल के यात्रियों को लेकर बनबसा के लिए निकला था। शनिवार सुबह करीब 5:20 बजे सिरौली के पास उनकी कार गलत साइड से आ रही पराली से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गई। हादसे में 47 वर्षीय जयंती भट्ट पत्नी दीपकराज भट्ट निवासी भागेन दौरा निकट काठमांडू (नेपाल) के रूप में हुई। वहीं में गणेश भुल पुत्र भगत सिंह निवासी लंकिचूहा जिला कैलाली (नेपाल), करण सिंह पुत्र ठगी सिंह निवासी महेंद्रनगर (नेपाल), सुभाष भट्ट राय पुत्र हरीश भट्ट राय निवासी अटरिया (नेपाल) और प्रीति भट्ट पुत्री दीपकराज भट्ट निवासी भागेन दौरा निकट काठमांडू (नेपाल) घायल हो गए।

## पहाड़ी धंसने से मलबे में दबे 16 मजदूर

### दो लोगों की मौत



सोनभद्र। यूपी के सोनभद्र में खनन के दौरान बड़ा हादसा हो गया। ओबरा के बिल्ली मारकुंडी खनन क्षेत्र में शनिवार शाम चार बजे खदान धंसने से वहां काम कर रहे 16 मजदूरों के दबने की आशंका है। हादसे में दो मजदूरों की मौत की बात भी सामने आ रही है। हालांकि शव बाहर नहीं निकाले जा सके हैं। घटना के बाद खदान मालिक और पार्टनर मौके से फरार हो गए। हादसे की खबर से अफसरों में हड़कंप मच गया। आनन–फानन में पुलिस और प्रशासनिक अफसर मौके पर पहुंचे। बिना देर किए राहत बचाव कार्य शुरू किया गया। फिलहाल स्थिति गंभीर बनी हुई है। बिल्ली मारकुंडी खनन क्षेत्र के कृष्णा माइनिंग स्टोन की खदान में शनिवार शाम लगभग चार बजे नौ कंप्रेशर पर 18 मजदूर काम कर रहे थे। इसी बीच ड्रिलिंग के दौरान लगभग 150 फीट से अधिक ऊंचाई से पहाड़ का बड़ा हिस्सा ढहकर नीचे जा गिरा। घटना की सूचना मिलते ही खनन क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जानकारी मिलते ही समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव गोंड, जिलाधिकारी बीएन सिंह, एसपी अभिषेक वर्मा समेत कई बड़े अफसर मौके पर पहुंच गए। रेस्क्यू के लिए बड़ी–बड़ी मशीनें मंगाई गईं। खदान में अंधेरा होने की वजह से लाइट की व्यवस्था की गई। इसके बाद लगभग आठ बजे राहत एवं बचाव कार्य शुरू हो सका है। खदान में कार्य कर रहे एक मजदूर छोटू यादव निवासी कर्मसार ने बताया कि उसके दो सगे भाई संतोष और इंद्रजीत भी दब गए हैं। छोटू ने बताया कि खदान कार्य के दौरान कुल नौ कंप्रेशर लगे थे।

## बिहार में कैसे बढ़े 3 लाख वोटर? कांग्रेस के आरोपों का चुनाव आयोग ने दिया जवाब

नई दिल्ली : बिहार विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद भी को मुद्दा बना रही कांग्रेस की हर आशंका का चुनाव आयोग जवाब देने की तैयारी में है।

कांग्रेस नेता और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ ही पार्टी ने फेसबुक पोस्ट के माध्यम से बिहार की 30 सितंबर को प्रकाशित की गई अंतिम मतदाता सूची और मतदान के बाद जारी मतदाताओं की संख्या में हुई तीन लाख की बढ़ोतरी को लेकर सवाल उठाए थे। इन सवालों का चुनाव आयोग ने जवाब दिया है और बताया कि नामांकन की अंतिम तिथि के 10 दिन पहले तक कोई भी पात्र व्यक्ति आवेदन देकर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकता है।

**10 दिन पहले तक जुड़वा सकते हैं नाम**

चुनाव आयोग ने बताया कि छह अक्टूबर को बताई गई 7.42 करोड़ मतदाताओं की संख्या 30 सितंबर को जारी अंतिम मतदाता सूची के आधार पर है, जबकि निर्वाचन नियमों के अनुसार चुनाव की घोषणा के बाद प्रत्येक चरण में नामांकन की अंतिम तारीख से 10 दिन पहले तक कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकता है।

## टूरिस्ट डेस्टिनेशन के रूप में विकसित होगा नानकमत्ता बांध : धामी

### मुख्यमंत्री ने किया महाविद्यालय के भवन का शिलान्यास और निगम के भवन का लोकार्पण

**जयन्त प्रतिनिधि।**



देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नानकमत्ता में भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित जनजाति गौरव दिवस समारोह का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने 9.68 करोड़ की लागत के महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय नानकमत्ता का शिलान्यास व नगर निकाय श्री नानकमत्ता के 1 करोड़ की लागत से निर्मित भवन का लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान 7 घोषणाएं की। जिसमें साधु नगर स्थित कैलाश नदी पर पुल, राय सिख भवन के लिए धनराशि अवमुक्त करने, नानकमत्ता बाँध को टूरिस्ट डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने, सनातन धर्म उत्थान समिति भवन एवं मन्दिर निर्माण के लिए धनराशि प्रदान करने, ज्ञानपुर से बरकीडण्डी-औदली से डोहरी-एस्था बी से देवीपुरा-गिधौर परसैनि-बैलपड़ाव को जोडने वाले सड़क मार्ग का डामरीकरण, पर्वतीय उत्थान समिति के अतिरिक्त कक्ष के लिए धनराशि उपलब्ध कराने व खटीमा के नवनिर्मित बस स्टैंड का नाम महाराणा प्रताप रखने की घोषणा शामिल हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भगवान बिरसा मुण्डा की 150वीं जयंती पर उन्हें नमन करते हुए सभी को जनजाति गौरव दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज का यह ऐतिहासिक दिन हमारे जनजाति समाज की गौरवशाली परम्परा, संघर्ष, बलिदान और राष्ट्र निर्माण के लिए उनके द्वारा दिए गए अद्वितीय योगदान को स्मरण करने का दिवस है। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा जी जनजाति समाज के गौरव, साहस और स्वाभिमान के अमर प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान बिरसा मुण्डा ने अल्प आयु में स्वतंत्रता, स्वाधिकार, आत्मसम्मान की ऐसी चेतना समाज में जागृत की जिसने पूरे जनजाति समाज को एकजुट कर नई दिशा प्रदान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शैक्षिक उत्थान एवं विकास के लिए वर्तमान में 16 राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। साथ ही जनजाति समाज के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को तकनीकी शिक्षा प्रदान करने हेतु प्रदेश में 3 आईटीआई कॉलेजों का संचालन किया जा रहा है। प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग व स्कॉलरशिप दी जा रही है। जनजाति समाज के बेटियों के विवाह के लिए 50 हजार रुपये की धनराशि प्रदान की जा रही है। जनजाति शोध संस्थान के लिए 1 करोड़ का कोरप्रेस फंड भी बनाया गया है। जनजाति संस्कृति के संरक्षण हेतु प्रतिवर्ष राज्य जनजाति महोत्सव और खेल महोत्सव आयोजित किये जा रहे है।

### सुप्रीम कोर्ट से उत्तराखंड सरकार को बड़ा झटका

## उपनल कर्मचारियों की हो गई बल्ले-बल्ले



नैनीताल। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार की ओर से दायर दर्जनों पुनर्विचार याचिकाओं को खारिज कर दिया है। इन याचिकाओं में उपनल कर्मियों के नियमितीकरण के सम्बंध में दिए गए निर्णय पर पुनर्विचार की मांग की गई थी। सरकार ने पुनर्विचार याचिका में राज्य के पास बजट की कमी का हवाला देकर उपनल कर्मियों के नियमितीकरण में आ रही कठिनाई का भी उल्लेख किया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस निर्णय में उत्तराखंड हाई कोर्ट की ओर से कुंदन सिंह बनाम उत्तराखंड राज्य में दिए गए फैसले को सही ठहराया था।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले की संयुक्त पीठ ने आदेश में स्पष्ट किया कि पुनर्विचार याचिकाओं में कोई त्रुटि नहीं मिली। जिसके लिए पुराने आदेश पर फिर से विचार करने की आवश्यकता हो। पीठ ने कहा कि 15 अक्टूबर, 2024 की समीक्षा करने के लिए पूरी तरह से आश्वस्त नहीं हैं। पीठ ने पुनर्विचार याचिका के साथ ही इससे जुड़े कई अन्य मामलों को भी खारिज कर दिया गया। सभी मामले समान प्रकृति के थे और इनमें विभिन्न स्पेशल लीव पिटीशन (सिविल) और सिविल अपील से जुड़े फैसलों पर पुनर्विचार की मांग की गई थी।

पुनर्विचार याचिकाओं को दायर करने में हुई देरी को भी न्यायालय ने माफ कर दिया। हालांकि याचिकाओं को सूचीबद्ध करने के लिए ओपन कोर्ट में सुनवाई की मांग करने वाली सभी अर्जियों को अदालत ने अस्वीकार कर दिया। कार्रवाई रिकॉर्ड के अनुसार याचिकाओं के साथ कई अंतरिम आवेदन भी दायर किए गए थे। इनमें 'विलंब की माफी', 'ओरल हियरिंग', 'स्टे एप्लीकेशन', और 'खुली अदालत में सुनवाई की याचिका' जैसे आवेदन शामिल थे।

इधर नैनीताल हाई कोर्ट में उपनल कर्मचारियों की अवमानना याचिका पर सुनवाई 20 नवंबर को होनी है। इसको लेकर प्रदेश के हजारों कर्मचारियों की निगाहें लगी हैं। इसी बीच राज्य कैबिनेट ने उपनल कर्मचारियों के नियमितीकरण मामले में कैबिनेट की उपसमिति का गठन किया है। समिति से दो माह में रिपोर्ट मांगी गई है। 2018 में हाई कोर्ट ने उपनल कर्मचारियों का नियमितीकरण करने, समान कार्य के लिए समान वेतन देने के आदेश पारित किए गए थे। यह मामला भी सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था।

## जौनसार में बूढ़ी दीवाली पर पांच दिनों तक होगा जश्न

विकासनगर। जौनसार में इन दिनों बूढ़ी दीवाली की तैयारियां जोरों पर हैं। करीब दो सौ गांवों में 19 नवंबर से इस त्योहार का जश्न शुरू हो जाएगा और गांव के पंचायती आंगनों में लोक संस्कृति की झलक दिखाई देगी। पांच दिवसीय इस पर्व के नजदीक आते ही स्थानीय बाजार भी गुलजार हो गए हैं। इन दिनों नौकरी–पेशा लोगों के पैतृक गांव लौटने के चलते सवारी वाहन भी पूरी तरह ओवरलोड चल रहे हैं। पर्व के चलते शनिवार को साहिया बाजार में खरीदारी के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण उमड़े। जौनसार के अधिकांश गांवों में अभी भी बूढ़ी दीपावली मनाने का ही रिवाज है। पांच दिन तक पंचायती आंगन जौनसार की अनूठी लोक संस्कृति से गुलजार रहते हैं। बूढ़ी दीवाली के चलते स्थानीय बाजारों में भी रौनक आ गई हैं। देहरादून जिले की तीन तहसीलों कालसी, चकराता और त्यूणी और दो विकास खंड कालसी और चकराता में बंटा जनजाति क्षेत्र जौनसार–बावर अपनी अनूठी लोक संस्कृति के लिए प्रसिद्ध है। यहां के तीज–त्योहार, शादी समारोह को मनाने के तरीके भी निराले हैं।

## दिल्ली ब्लास्ट में अब पठानकोट से डॉक्टर गिरफ्तार

### अल–फलाह यूनिवर्सिटी में कर चुका काम



नई दिल्ली। दिल्ली ब्लास्ट की साजिश सिर्फ हरियाणा में ही नहीं रची गई थी, बल्कि पंजाब तक इसके तार जुड़े थे। इस मामले में अब पंजाब के पठानकोट के मामून कैंट में काम करने वाले एक डॉक्टर को इंटेलिजेंस ब्यूरो के इनपुट पर गिरफ्तार किया गया है। शनिवार देर रात उसे पकड़ा गया। उसकी पहचान जम्मू–कश्मीर के अनंतनाग के रहने वाले 45 वर्षीय रईस अहमद भट्ट के रूप में हुई है। वह 4 साल फरीदाबाद की अल–फलाह यूनिवर्सिटी में भी काम कर चुका है और अब भी इस यूनिवर्सिटी के अपने कई फेलो के संपर्क में था। यह भी पता चला है कि डॉक्टर रईस भट्ट का दिल्ली विस्फोट के मुख्य आरोपी डॉक्टर उमर के साथ भी संपर्क था। डॉ. रईस अहमद भट्ट को किस जांच एजेंसी ने गिरफ्तार किया है, ये अभी तक पता नहीं चला है। यहां तक कि लोकल पुलिस को भी इसकी भनक नहीं लगी। लेकिन पठानकोट के इस मेडिकल कॉलेज के प्रबंधक ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है। पठानकोट के मामून कैंट इलाके में व्हाइट मेडिकल कॉलेज है। यहां के प्रबंधक स्वर्ण सलारिया ने बताया कि डॉ. भट्ट को देर रात अज्ञात एजेंसी की ओर से गिरफ्तार किया गया। वह यहां तीन साल से बतौर सर्जन काम कर रहा था। वह एमबीबीएस, एमएस, एफएमजी और सर्जरी का प्रोफेसर था।

**अल–फलाह यूनिवर्सिटी में 4 साल रहा**

इससे पहले वह चार साल तक फरीदाबाद की अल–फलाह यूनिवर्सिटी में भी काम कर चुका है। सबसे गंभीर बात ये है कि डॉ. रईस की गिरफ्तारी पठानकोट के केंट इलाके से हुई है। पाकिस्तान की सीमा से लगा पंजाब का पठानकोट बेहद संवेदनशील शहर है।

यहां के एयर फोर्स स्टेशन पर घातक आतंकी हमला हो चुका है। आपरेशन सिंदूर में भी पठानकोट पाकिस्तान के निशाने पर रहा था।

**डॉ. रईस तक ऐसे पहुंची जांच एजेंसी**

अल–फलाह यूनिवर्सिटी में सामने आए व्हाइट कॉलर आतंकी मॉड्यूल में जांच एजेंसी मौजूदा डॉक्टरों व स्टॉफ के अलावा पुराने लोगों को भी चेक कर रही है। जांच कर रही टीम ने यूनिवर्सिटी कैंपस में पहुंचकर ये पता लगाया कि यहां पहले कौन डॉक्टर व स्टॉफ काम कर चुके हैं।

## यूपी: तीन दिन अयोध्या में रहेंगे संघ प्रमुख, ध्वजारोहण समारोह में होंगे शामिल

### पीएम मोदी से होगी मुलाकात



नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत तीन दिवसीय प्रवास पर अयोध्या पहुंच रहे हैं। आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों से जुड़े कई बड़े कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी होगी। वह 23 नवंबर की शाम अयोध्या पहुंचेंगे। 25 नवंबर को होने वाले ध्वजारोहण समारोह में भी वे शामिल होंगे। पीएम नरेंद्र मोदी व संघ प्रमुख राम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण करेंगे। 23 नवंबर को वह संघ कार्यालय साकेत निलयम में प्रवास करेंगे। 24 नवंबर को गुरुद्वारा ब्रह्मकुंड में आयोजित गुरु तेग बहादुर के बलिदान दिवस के विशेष कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस आयोजन में संत–समाज, सिख समुदाय, सामाजिक संगठन और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहने वाले हैं। गुरु तेग बहादुर के जीवन, त्याग और हिंदू–धर्म और मानवता की रक्षा के लिए दिए गए सर्वोच्च बलिदान को समर्पित इस कार्यक्रम में भागवत अपने विचार भी रखेंगे। संघ प्रमुख के दौरे को लेकर शुक्रवार की देर शाम संघ कार्यालय में बैठक कर उनके स्वागत की रूपरेखा तय की गई।

**शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की करेंगे समीक्षा**

संघ प्रमुख के अयोध्या प्रवास का दूसरा महत्वपूर्ण हिस्सा है, आरएसएस के शताब्दी वर्ष (2025) के लिए चल रही तैयारियों की समीक्षा। अयोध्या सहित पूरे पूर्वांचल में शताब्दी वर्ष को लेकर बड़े पैमाने पर आयोजन प्रस्तावित हैं। भागवत संघ पदाधिकारियों और प्रांत प्रचारकों के साथ विस्तृत बैठक करेंगे। इसमें आगामी समय में होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम, समाज–संपर्क अभियान, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सेवा कार्यों की रूपरेखा पर चर्चा होगी। सूत्रों के अनुसार, अयोध्या को संघ के शताब्दी वर्ष के प्रमुख केंद्रों में शामिल किया गया है और इसी कारण यहां समीक्षा बैठक को विशेष महत्व दिया जा रहा है।

**पीएम मोदी के स्वागत में सजेगी अयोध्या**

राममंदिर में ध्वजारोहण समारोह को लेकर रामनगरी उत्सव के रंग में रंगने को तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राम मंदिर के शिखर पर 25 नवंबर को ध्वजारोहण करेंगे। पीएम के स्वागत में हर घर की छत पर भगवा ध्वज फहराया जाएगा।

श्रीरामजन्मभूमि परिसर को विशेष रूप से सजाए जाने की योजना है। मुख्य मंदिर से लेकर परिक्रमा पथ तक, रंगीन पुष्पमालाओं, विशेष प्रकाश व्यवस्था और दिव्य अलंकरण से परिसर को उत्सवधाम में बदलने की तैयारी है।

## कार की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

रुड़की। दिल्ली–देहरादून हाइवे पर सालियर बाईपास के समीप एक कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार की मौत हो गई।

दुर्घटना से घबराया चालक कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के माधोपुर गांव निवासी साहिल शुक्रवार की रात को बाइक से सालियर बाईपास से होकर जा रहा था।

जैसे ही वह पनियाला कट के पास पहुंचा तो एक तेज रफ्तार कार उसे टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। भीड़ को देख चालक कार को मौके पर ही छोड़कर वहां से फरार हो गया। घायल साहिल को गंभीर हालत में रुड़की के सिविल अस्पताल में भिजवाया।

## करोड़ों की जीएसटी चोरी के मामलों की जांच एसआईटी करेगी



लखनऊ। वर्ष 2018 से अब तक 44 जिलों में दर्ज 146 एफआईआर ईओडब्ल्यू की आईजी की अध्यक्षता में बनी है एसआईटी लखनऊ विशेष संवाददाता प्रदेश में हजारों करोड़ों की जीएसटी चोरी के मामलों की जांच एसआईटी को सौंपी गई है। वर्ष 2018 से अब तक 44 जिलों में दर्ज हुई 146 एफआईआर की जांच यह एसआईटी करेगी। एसआईटी की अध्यक्षता ईओडब्ल्यू के आईजी केएम ईमैनुअल करेंगे। उनके साथ टीम में तीन और पुलिस अधिकारी सदस्य के तौर पर शामिल है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर शासन ने एसआईटी गठित की है। एसआईटी में ईओडब्ल्यू के आईजी के अलावा सदस्य के तौर पर एसएसएफ के कमांडेंट अविनाश पाण्डेय, एसटीएफ के एसएसपी सुशील चंद्रभान घुले और विजिलेंस की एएसपी बबिता सिंह है।

एसआईटी अब इन सभी 146 मुकदमों की विवेचना भी करेगी। एसआईटी ने जीएसटी से चोरी से संबंधित सभी मामलों के दस्तावेज ले लिए है। आयुक्त राज्य कर नितिन बंसल ने कहा है कि एसआईटी की जांच में पूरी मदद की जाएगी। उन्हें हर दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएंगे। अफसरों का कहना है कि जीएसटी चोरी के ये मामले लखनऊ आगरा, प्रयागराज, मुरादाबाद, मेरठ, गाजीपुर, कानपुर, वाराणसी समेत 44 जिलों के है। इनमें सभी अधिक मामले कानपुर व लखनऊके हैं।

### सनातन एकता पदयात्रा का जैंत में प्रवेश

## कथावाचक जया किशोरी भी पहुंचीं, धीरेंद्र शास्त्री ने किया सम्मान



मथुरा। धीरेंद्र शास्त्री की पदयात्रा में शनिवार सुबह मशहूर कथावाचक और सादगी और मधुर वाणी के लिए जाने जानी वाली जया किशोरी पहुंचीं। जया किशोरी का धीरेंद्र शास्त्री ने सम्मान किया। इसके बाद राष्ट्रगान हुआ और बाबा की पदयात्रा अगले पढ़ाव के लिए रवाना हो गई। इस दौरान पुंडरीक गोस्वामी और परमार्थ निकेतन आश्रम के प्रमुख चिदानंद सरस्वती भी यात्रा में शामिल हुए। दोपहर तक यात्रा थाना जैंत क्षेत्र में प्रवेश कर चुकी थी। यात्रा ने कोसीकलां मंडी से सुबह छाता की ओर अजीजपुर, दौताना होते हुए प्रस्थान किया। दोपहर के भोजन की व्यवस्था बेकमेट कंपनी के सामने मैदान में की गई है। भोजन के बाद महाराज के भजन, प्रवचन कार्यक्रम होंगे। इसके बाद 8 किलोमीटर आगे रात्रि विश्राम गुप्ता रेजिडेंसी पर होगा। इससे पूर्व अन्नपूर्णा रसोई में पदयात्रियों के लिए भोजन व धीरेंद्र शास्त्री प्रवचन करेंगे। राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गुप्ता रेजिडेंसी पर होने वाले पदयात्रा की रात्रि विश्राम से पूर्व धीरेंद्र शास्त्री के भजन एवं प्रवचन होंगे। इसके लिए वाराणसी के कलाकारों ने बाबा बागेश्वर धाम की रेत पर कलाकृति बनाई है। वाराणसी निवासी रूपेश सिंह ने बताया कि वह पंडित धीरेंद्र शास्त्री की सेंड से कलाकृति बना रहे हैं। हमें उम्मीद है कि महाराज हमारी सेंड आर्ट से प्रसन्न होंगे और हमसे मिलेंगे। सेंड आर्ट बनाने वालों में मोहन सिंह, अलंकुता, आशु कुमारी रोहन सिंह आदि शामिल हैं।

## राबड़ी आवास में रोहिणी आचार्या को किसने चप्पल मारा? लालू की बेटी बोलीं– परिवार से निकाल दिया

पटना। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्या ने दावा किया है कि पटना में राबड़ी देवी के आवास पर तब उन्हें गाली दी गई और चप्पल मारा गया, जब उन्होंने चुनाव में राजद की हार के कारणों को लेकर संजय यादव और रमीज का नाम लिया। रोहिणी ने कहा कि उनको परिवार से निकाल दिया गया है। लालू को किडनी देकर जीवनदान देने से चर्चा में आईं रोहिणी ने कहा कि पार्टी चलाने वाले हार की जवाबदेही लेने के लिए तैयार नहीं हैं। रोहिणी ने कहा कि सारे लोग पार्टी की हार के कारण पर सवाल उठा रहे हैं, लेकिन संजय यादव और रमीज का नाम लेने पर घर से निकाल दिया जाता है। रोहिणी ने शनिवार को दोपहर में ट्वीट किया था कि चुनाव से पहले उन्हें संजय यादव और रमीज ने कहा था कि वो राजनीति और लालू परिवार से दूर रहें, लेकिन हार का दोष अकेले उन पर डाला जा रहा है। याद दिला दें कि सितंबर में तेजस्वी यादव की यात्रा के दौरान यात्रा बस में तेजस्वी की सीट पर संजय यादव के बैठने पर रोहिणी ने सार्वजनिक आपत्ति जताई थी।

## वोट प्रतिशत ज्यादा सीटें कम, आरजेडी और एनडीए के आंकड़ों में इतना अंतर कैसे

### वोट चोरी का दावा



पटना। बिहार में चुनाव परिणाम आ चुके हैं। इसमें एनडीए को भारी बहुमत मिला है। बीजेपी ने अकेले दम पर 89 सीटें हासिल की हैं। हालांकि वोट शेयर को लेकर सोशल मीडिया पर तमाम दावे किए जा रहे हैं। इनमें से कुछ में कहा जा रहा है कि 23 फीसदी वोट मिलने के बाद भी आरजेडी को सिर्फ 25 फीसदी सीटें मिली हैं। वहीं, उससे कम 20 फीसदी वोट पाने के बावजूद भाजपा ने 89 सीटें हासिल कर लीं। इन्हीं पोस्ट्स में वोट चोरी का दावा किया जा रहा है। लेकिन क्या हकीकत में ऐसा है?

वोट शेयर और सीटों में अंतर को समझने के लिए सबसे पहले जानना यह जरूरी है कि कौन कितनी सीटों पर चुनाव लड़ा। आरजेडी ने बिहार चुनाव में कुल 143 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। इसलिए उसका वोट परसेंट ज्यादा है। दूसरी तरफ भाजपा ने मात्र 101 सीटों पर ही चुनाव लड़ा था। इस वजह से उसका वोट परसेंट कम है। हकीकत यह है कि अगर भाजपा ने भी आरजेडी की तरह 143 सीटों पर चुनाव लड़ा होता तो उसका वोट शेयर 29 फीसदी तक पहुंच सकता था।

**गठबंधन का भी अंतर**

अब बात करते हैं गठबंधन की। अगर गठबंधन के हिसाब से देखा जाए तो एनडीए के हिस्से में 46 फीसदी वोट आए हैं। वहीं, महागठबंधन के खाते में 38 फीसदी वोट हैं। वोटों के हिसाब से भी बड़ी उछाल है। 2020 में एनडीए को 12 हजार वोट तो इस बार 44 लाख वोट ज्यादा मिले हैं। अब जो एनडीए का बढ़ा हुआ हिस्सा है, उसमें चिराग पासवान और उपेंद्र कुशवाहा का भी बड़ा योगदान है। यह भी गौर करने वाली बात है कि साल 2020 में यह दोनों ही एनडीए का हिस्सा नहीं थे।

## संक्षिप्त समाचार

### जयंती पखवाड़ा पर निकाला एकता मार्च

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पखवाड़ा पर राजकीय इंटरमीडिएट कालेज एकेश्वर के विद्यार्थियों ने एकता मार्च निकाला। इस दौरान विद्यार्थियों ने देश व समाज सेवा में अपना योगदान देने का संकल्प लिया।एकता मार्च राजकीय इंटर कालेज एकेश्वर बाजार से होते हुए बड़ोली, बांटाबाड़ी तक निकला। प्रधानाचार्य राजेश कुमार राय ने कहा कि देश में राष्ट्रीय एकता स्थापित करने में लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल का बड़ा योगदान रहा है। उन्हें समाज को बेहतर राह देने का कार्य किया। इस मौके पर सुधाकर डोबरियाल, राहुल शर्मा, सुनील खत्री, विकास, रमाशंकर डिमरी, देवेंद्र, पूजा आदि मौजूद रहे।

### प्रो. कंडारी डीन एकेडमिक अफेयर्स नियुक्त

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि के अर्थशास्त्र विभाग के प्रो. प्रशांत कंडारी को डीन एकेडमिक अफेयर्स की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रो. कंडारी गढ़वाल विवि के नई शिक्षा नीति के अनुपालन समिति के समन्वयक भी है। गढ़वाल विवि के कुलसचिव प्रो. राकेश डोढ़ी ने नोटिफिकेशन जारी करते हुए बताया कि डीन एकेडमिक अफेयर्स के कार्यों को सुचारू रूप से संचालित किए जाने को लेकर गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह के अनुमोदन के बाद अर्थशास्त्र विभाग के प्रो. प्रशांत कंडारी को डीन एकेडमिक अफेयर्स की जिम्मेदारी सौंपी गई है। (एजेंसी)

### 17 दिव्यांगों को दिया गया फास्ट फूड बनाने का प्रशिक्षण

नई टिहरी। स्टेट बैंक के आरसेटी का जिलेभर के 17 दिव्यांगजनों को 12 दिवसीय फास्ट फूड प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में दिव्यांगजनों ने मोमोज, चाउमीन, स्प्रिंग रोल, ब्रेड रोल, टिक्की, मंचूरियन आदि का प्रशिक्षण लेते हुए स्वरोजगार शुरू करने की जानकारी ली। जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में प्रशिक्षण समाप्त होने पर आयोजित कार्यक्रम में डीडीओ मोहम्मद असलम, दिव्यांग केंद्र नोडल अधिकारी व राड्स संस्था के अध्यक्ष सुशील बहुगुणा, समाज कल्याण अधिकारी श्रेष्ठा भाकुनी ने कहा कि दिव्यांग हमारे समाज के अभिन्न हिस्सा हैं। लेकिन उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के लिए बेहतर प्रयास किए जाने जरूरी हैं। बताया कि दिव्यांग पुनर्वास केंद्र ने जिलेभर से 17 दिव्यांगों को चिन्हित कर प्रशिक्षण में सहयोग दिया है। डीडीओ ने कहा कि आरसेटी सहित संबंधित विभाग प्रशिक्षण के उपरांत उन्हें स्वरोजगार में सहयोग के लिए ऋण और अन्य सुविधाएं दिलाएं। बहुगुणा ने कहा कि फूड वैन, फूड स्टॉल, ठेली और छोटी दुकान लगाकर यह लोग स्वरोजगार कर सकते हैं। उनकी संस्था भी हर संभव मदद देगी। प्रशिक्षणार्थियों ने भविष्य की योजनाओं की जानकारी देते हुए सहयोग की अपील की।

### कारागार व आबकारी के 103 कार्मिकों को किया पास आउट

नई टिहरी। पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय नरेन्द्रनगर में कारागार विभाग एवं आबकारी विभाग के कुल 103 अधिकारी–कर्मियों की पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। पासिंग आउटमें 3 कारागार अधीक्षक, 14 उप आबकारी निरीक्षक एवं 86 आबकारी सिपाही सम्मिलित रहे। इस मौके पर इस दीक्षान्त परेड समारोह का मान प्रणाम मुख्य अतिथि प्रशिक्षण निदेशक पुलिस महानिरीक्षक अनन्त शंकर ताकवाले व विशिष्ट अतिथि आबकारी आयुक्त अनुराधा पाल ने लिया। पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय नरेन्द्रनगर में इन कारागार अधीक्षक प्रशिक्षुओं ने 9 माह एवं आबकारी प्रशिक्षुओं ने 3 माह के आधारभूत प्रशिक्षण लिया है। इनको अन्तः कक्ष और बाह्य कक्ष में नियुक्त समस्त कुशल प्रशिक्षकों के ने कारागार अधीक्षक एवं आबाकरी प्रशिक्षुओं को निष्ठा, दृढ इच्छाशक्ति एवं लगन से गहन प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण अवधि में विशिष्ट एवं विषय विशेषज्ञ व्यक्तियों को आमंत्रित कर अपराध शास्त्र, दण्डशास्त्र, प्रोबेशन, क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम, मानवाधिकार, प्राथमिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, वित्तीय प्रबंधन, वोकेशनल स्किल्स एण्ड वोकेशनल ट्रेनिंग, जेल मैनुअल, नये आपराधिक कानूनों, आबकारी अधिनियम, गिरफ्तारी से सम्बन्धित प्रावधान, अभियुक्तों गिरफ्तारी–जब्ती, आपराधिक सूचनाओं का संकलन और आयुद्ध अधिनियम के सम्बन्ध में सुचारू रूप से अन्तःकक्ष प्रशिक्षण दिया गया एवं पदादि प्रशिक्षण, पुलिस प्रशिक्षण, फायरिंग, शारीरिक एवं दक्षता प्रशिक्षण, विशेषज्ञों द्वारा आपदा प्रबंधन, योग, यूएसी, अग्निशमन, दूरसंचार आदि का प्रशिक्षण बाह्य कक्ष के अन्तर्गत प्रदान किया गया।

# बदल रहा मौसम, जन हो रहा बीमार

## सुबह–शाम ठंड व दोपहर में धूप ने किया बीमार, बेस अस्पताल में प्रति दिन बढ़ रही मरीजों की संख्या

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : सुबह शाम ठंड व दोपहर के समय धूप आमजन को बीमार करने लगी है। यही कारण है कि राजकीय बेस चिकित्सालय के साथ ही निजी अस्पतालों में इन दिनों मरीजों की संख्या में इजाफा होने लगा है। अस्पताल आने वाले अधिकांश मरीज सर्दी-जुकाम व बुखार से पीड़ित हैं। लगातार बढ़ रहे मौसम में चिकित्सक मरीजों व उनके तीमारदारों को स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं।

पिछले दस दिन से लगातार मौसम में परिवर्तन देखने को मिल रहा है। सुबह-शाम ठंड का अनुभव होने लगा है। जबकि, दोपहर के समय धूप में कुछ देर खड़ा रहना भी चुनौती बनता जा रहा है। ऐसे में करवट बदलते मौसम ने आमजन को बीमार करना शुरु कर दिया है।



कोटद्वार का बेस अस्पताल जहां इन दिनों मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है।

राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में सुबह से ही ओपीडी की पर्ची बनवाने वालों की भीड़ उमड़ रही है। साथ ही चिकित्सक से सलाह लेने के लिए भी ओपीडी के बाहर घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। यही स्थिति निजी अस्पतालों में भी बनी हुई है। चिकित्सकों की मानें तो मौसम व तापमान में आ रहे बदलाव के कारण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। ऐसे में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की आवश्यक है।

**यह हैं वायरल के लक्षण**

तेज बुखार आना, ठंड लगना, नाक से पानी आना, गले में खरास, हल्की खांसी वायरल के मुख्य कारण है। ऐसे में बुजुर्ग व बच्चों का विशेष ध्यान रखा जाना आवश्यक है। वायरल बड़ों के साथ ही छोटे बच्चों को भी अपनी चपेट में ले रहा है।

**वायरल से बचाव के तरीके**

वायरल से बचाव के लिए पानी को हल्का उबाल कर पीना चाहिए। घर के आसपास पानी जमा न होने दें। सुबह-शाम ठंड से बचने के लिए फिल बाजू के कपड़े पहने। बुखार की शिकायत होने पर तुरंत चिकित्सक की सलाह लें। फ्रीज में रखे खाद्य पदार्थों का सेवन बंद कर दें।

### आर्यन छात्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष बनें संदीप

श्रीनगर गढ़वाल : आर्यन छात्र संगठन उत्तराखंड के नए प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी संजय बिष्ट (पौड़ी) को दी गई है। यह घोषणा गढ़वाल विवि के चौरास परिसर में आयोजित संगठन के 20वें स्थापना दिवस और प्रदेश अधिवेशन में वरिष्ठ पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से की। संगठन ने दीपक भट्ट (उत्तरकाशी) को महामंत्री, शक्ति सिंह बर्त्वाल (रुद्रप्रयाग) को प्रदेश संयोजक, कमल सिंह नेगी (देहरादून) को गढ़वाल मंडल संयोजक एवं विजय खनवाल (अल्मोड़ा) को कुमाऊँ मंडल संयोजक का जिम्मा सौंपा। अधिवेशन में अनुशासन एवं संगठनात्मक मजबूती पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान प्रदेश भर से संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सदस्य एवं विभिन्न महाविद्यालयों के नवनिर्वाचित छात्र संघ पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान संगठन की दिशा, व्यापक भूमिका और आने वाले वर्ष की रुपरेखा पर विस्तृत चर्चा हुई।

## राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिमारखाल रहा अव्वल

**जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार :** उत्तराखंड संस्कृत अकादमी की ओर से विकासखंड एकेश्वर में संस्कृत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्कृत नाटक प्रतियोगिता में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिमारखाल प्रथम स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के अव्वल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इंटरमीडिएट कालेज नौगांवखाल में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह रौतेला व ब्लाक प्रमुख पंकज बिष्ट ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। वक्ताओं ने कहा कि संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है और इसका प्रचार-प्रसार होना आवश्यक है। खंड संयोजक गणेश पसबोला ने कहा कि संस्कृत राज्य की द्वितीय भाषा है व संस्कृत हम सभी की पहचान है। इस दौरान संस्कृत नाटक प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिमारखाल प्रथम व इंटर कालेज इंदिरापुरी द्वितीय रहे। समूह गान में अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कालेज नौगांवखाल प्रथम, जनता इंटर कालेज कमलपुर द्वितीय व जनता इंटर कालेज सुरखेत तृतीय रहा। समूह नृत्य में संस्कृत विद्यालय चैधार, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रिंगवाड़ी व जनता इंटर कालेज कमलपुर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। संस्कृत आशुभाषण में संस्कृत विद्यालय चैधार प्रथम व इंटर कालेज इंदिरापुरी द्वितीय रहा। श्लोक उच्चारण में जनता इंटर कॉलेज सुरखेत प्रथम, संस्कृत विद्यालय चैधार द्वितीय व राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रिंगवाड़ी तृतीय रहा। इस मौके पर जिला संयोजक रोशन गौड़, प्रधानाचार्य महेंद्र रौतेला, मनोज गुसांईं, विमल बिडालिया, तृप्ति बडोला, अजय घनशाला, कालिका डोबरियाल, राधेश्याम नैथानी, संगीता रावत, संजय कुमार, अमित सुंदरियाल, राजेश कुमार, यशवंत चौहान, प्रभात जोशी आदि मौजूद रहे।

## स्कूली बच्चों को बांटी शैक्षणिक सामग्री



इंटर कालेज जखेटी में बच्चों को शैक्षणिक सामग्री देते अतिथि

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : इंटर कॉलेज जखेटी में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पहाड़ी दुगड्या की ओर से स्कूली बच्चों को शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई।

आयोजित कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि कोई भी कार्य बड़ा नहीं होता। मेहनत व ईमानदारी से लक्ष्य तय कर हर मंजिल को आसानी से हासिल किया जा सकता है। कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ ही सामाजिक क्षेत्र में भी अपना योगदान देना चाहिए। अभियान के दौरान गरीब व असहाय परिवार के बच्चों को स्कूल बैग, ड्रेस, जूते सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री दी गई। साथ ही गरीब परिवार के बच्चों को पढ़ाई में आर्थिकी मदद भी दी गई। सदस्यों ने कहा कि समाज में रहने वाले प्रत्येक बच्चे को बेहतर शिक्षा मिल सकें इसके लिए हम सभी को गंभीरता से कार्य करना चाहिए। कहा कि समिति की ओर से समय-समय पर अभियान चलाकर बच्चों की मदद की जाती है।

## विज्ञान प्रदर्शनी में दिया वैज्ञानिक सोच का परिचय

### राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कोटद्वार में आयोजित की गई विज्ञान प्रदर्शनी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : राजकीय बालिका इंटर कॉलेज कोटद्वार में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न मॉडल प्रस्तुत कर अपनी वैज्ञानिक सोच का परिचय दिया।

आयोजित प्रदर्शनी का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण मुख्य शिक्षा अधिकारी नागेंद्र बड़थ्वाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि बच्चों में अच्छी सोच संस्कार का विकास एवं उन्हें एक अच्छा नागरिक बनाना शिक्षकों का प्रथम कर्तव्य होना चाहिए। कहा कि शिक्षक ही निर्धारित करता है कि समाज कैसा होगा। विस अध्यक्ष ने ऐसे आयोजनों को युवा पीढ़ी की जिज्ञासा, रचनात्मकता और नवाचार के प्रदर्शन का उत्सव बताया। जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में 15 विकासखंड़ों के 400 से अधिक विद्यार्थी प्रतिभाग कर रहे हैं। जिला विज्ञान समन्वयक दौलत सिंह गुसांई ने कहा कि विद्यार्थियों ने विभिन्न तरह के मार्डल प्रस्तुत कर अपनी वैज्ञानिक सोच का परिचय दिया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी दुगड्डा अमित चंद, खंड शिक्षा अधिकारी द्वारीखाल डा. सुरेंद्र सिंह खंड, प्रधानाचार्य बबीता ध्यानी, अनिल गुप्ता, राजेन्द्र अग्रवाल, लखपत राज खुगशाल, उमाकांत कुकरेती, असलम अंसारी, गिरीश खर्कवाल, नागेंद्र चौहान, मनोज रावत, महेन्द्र सिंह राणा, पूनम, सीतांशु खुगशाल, दीपक नेगी, हिमांशु केष्टवाल, अभय, अम्बेश पंत, बिजेन्द्र बिष्ट, बिजेन्द्र तोमर, संजय रावत, जगमोहन गुसांई, सतेन्द्र रावत, भूपेन्द्र नेगी, मनमोहन चौहान, कपिल अग्रवाल, उमेश कुमार वर्मा, अंकित काम्बोज आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन परितोष रावत, रश्मि रावत, परीक्षा भंडारी व कविता बिष्ट ने किया।



विद्यार्थियों की ओर से बनाए गए मॉडल देखती विस अध्यक्ष

## संस्कृत समूहगान, संस्कृत समूह नृत्य में राइका थलीसैंण ने मारी बाजी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

थलीसैंण : उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रायोजित तथा प्रदेश की द्वितीय राजभाषा संस्कृत के उत्थान के उद्देश्य से उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी, हरिद्वार की स्थापना के उपरान्त प्रतिवर्ष प्रदेशभर में खण्ड स्तर से लेकर प्रान्त स्तर तक विभिन्न संस्कृत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में वर्ष 2025 के तहत संस्कृत समूहगान, संस्कृत नृत्य, संस्कृत नाटक, संस्कृत वाद-विवाद, संस्कृत आशु भाषण एवं श्लोक उच्चारण प्रतियोगिताओं का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज थलीसैंण में किया गया।

संस्कृत छात्र प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्राचार्य महाविद्यालय थलीसैंण के प्रतिनिधि डॉ. भुवन मेलकानी सहायक प्राध्यापक ने द्वीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात छात्राओं ने सरस्वती वन्दना की प्रस्तुति दी। संस्कृत समूहगान में राइंकॉ थलीसैंण प्रथम, विद्या मंदिर द्वितीय, राइंकॉ टीला तृतीय, संस्कृत समूह नृत्य में राइका थलीसैंण प्रथम, राइंकॉ बगवाडी द्वितीय, सरस्वती विद्या मंदिर थलीसैंण तृतीय स्थान पर रहा। संस्कृत नाटक में राईकॉ थलीसैंण प्रथम, सरस्वती विद्या मंदिर द्वितीय, राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय मरोडा तृतीय स्थान पर रहे। वरिष्ठ वर्ग समूहगान में राइका चौरा प्रथम, राइंकॉ थलीसैंण द्वितीय, राइका पैठाणी तृतीय स्थान पर रहे। समूह नृत्य में राइका चाकीसैंण प्रथम, राइका थलीसैंण दितीय एवं राजकीय महाविद्यालय थलीसैंण तृतीय स्थान पर रहे। आशुभाषण में शैलजा थलीसैंण प्रथम, ममता स्योली तल्ली द्वितीय व सुभाष चन्द्र हिवालीधार तृतीय रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी टीकाराम कोटिमाल, विशिष्ट अतिथि बाल विकास अधिकारी श्रीमती पूजा रावत, शाखा प्रबन्धक स्टेट बैंक थलीसैंण श्रीमती तमन्ना, आनन्द नेगी, दीपक प्रताप अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत थलीसैंण, आशाराम पोखरियाल, मार्गदर्शक खंड शिक्षा अधिकारी थलीसैंण के प्रतिनिधि दिनेश गोर्ला, खण्ड संयोजक प्रकाश पोखरियाल, पृथ्वीधर सुयाल, प्रकाश ढौंडियाल, सोनू भंडारी, वीरमणि पोखरियाल, सतेन्द्र सेमवाल, सोहन लाल, विनीता ध्यानी, ज्योति प्रसाद, दिनेश कुमार, मनोरमा, मनीषा, सुरेन्द्र नेगी आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का सफल संचालन पप्पू कुमार ने किया।



### प्रो. देवेंद्र नेगी एमएमटीसी निदेशक नियुक्त

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर ने मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर (एमएमटीसी) के संचालन को अधिक प्रभावी बनाने के लिए नई टीम का गठन किया है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा रसायन विज्ञान विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर, पूर्व प्रति कुलपति रह चुके प्रो. देवेंद्र सिंह नेगी को एमएमटीसी के निदेशक के रूप में पदभार सौंपा है। प्रो. नेगी ने शनिवार को कार्यभार ग्रहण करते हुए कहा कि नई टीम के साथ शिक्षक प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाने और संस्थान की गतिविधियों को गति देने में महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसी के साथ माइक्रोबायोलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राहुल कुंवर सिंह को संयुक्त निदेशक, फार्मास्यूटिकल साइंस विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सोमेश थपलियाल और शिक्षा विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अमर जीत सिंह को सहायक निदेशक का दायित्व सौंपा गया है। वहीं दर्शनशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. कविता भट्ट को कार्यक्रम कार्यकारी नियुक्त किया गया है। मौके पर प्रो. आर.एस फर्त्याल, प्रो.ी.के जोशी, प्रो. दीपक भंडारी, डॉ. जसपाल सिंह चौहान, डॉ. डीके राणा, डॉ. प्रशांत आर्य आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## महिला पर गुलदार ने किया हमला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पर्वतीय क्षेत्रों में गुलदार की धमक थमने का नाम नहीं ले रही। आए दिन गुलदार लोगों पर हमला कर रहा है। शनिवार को विकासखंड पोखड़ा में गुलदार ने एक महिला पर हमला कर दिया। आसपास मौजूद महिलाओं के शोर मचाने पर गुलदार महिला को छोड़ झाड़ियों की ओर भाग गया।

जानकारी के अनुसार, यह घटना शनिवार शाम करीब 3:30 बजे की है। जिले के पोखड़ा विकासखंड के ग्राम घड़ियाल निवासी प्रभा देवी (42) गांव की अन्य महिलाओं के साथ गांव से करीब आधा किलोमीटर दूर मवेशियों के लिए चारा-पत्ती लेने गई थी। घास काटने के दौरान ही अचानक उस पर गुलदार ने हमला कर दिया। गुलदार प्रभा देवी को जबड़े में दबाकर झाड़ियों की ओर खींचने लगा। इसी दौरान आसपास मौजूद अन्य महिलाओं ने शोर मचाते हुए गुलदार की ओर पत्थर फेंकने शुरू किए। जिस पर गुलदार महिला को छोड़ झाड़ियों की ओर भाग गया। गुलदार के हमले में प्रभा देवी गंभीर घायल हो गई। उसके सिर पर गहरी चोट आई हैं। ग्रामीण व स्वजन उसे पोखड़ा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में ले गए।



## 20 नवंबर को होगा शरदोत्सव का आगाज, तैयारियां शुरू

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** पौड़ी में 20 नवंबर से चार दिवसीय शरदोत्सव की धूम रहेगी। इस दौरान शरदोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही पौड़ी में पहली बार विंटर लाइन फेस्टिवल भी का आयोजन भी किया जाएग। वहीं मैराथन, वॉलीबाल, रस्साकशी, फुटबाल, बैडमिंटन, टेबिल टेनिस, फैंसी ड्रैंस, नृत्य आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी।शनिवार को नगर पालिकाध्यक्ष हिमानी ने पालिका सभागार में पत्रकार वार्ता करते हुए बताया कि पौड़ी में 20 से 23 नवंबर तक शरदोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। शरदोत्सव का आगाज 20 नवबंर को होगा। बताया कि इससे पूर्व 18 नवंबर को फुटबाल प्रतियोगिता शुरू की जाएगी। बताया कि इस बार नगर पालिका के सभी वार्ड भी प्रतिभाग करेंगे। इस दौरान स्कूली छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां होंगी। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि इसके अलावा रूट मार्च और झांकी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पालिका क्षेत्र के वार्ड प्रतिभाग करेंगे। वार्डों द्वारा जागरूकता से संबंधित संदेश आमजन को दिया जाएगा। बताया कि प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बेहतर प्रदर्शन करने वाले वार्ड को वार्ड ऑफ ईयर के अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा।

### अधिवक्ताओं ने दिया देहरादून में चल रहे आंदोलन को समर्थन

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : शनिवार को जिला अधिवक्ता संघ से जुड़े अधिवक्ता न्यायिक कार्यो से विरत रहे। देहरादून में चल रहे अधिवक्ताओं के आंदोलन को समर्थन देते हुए अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यों से दूरी बनाई। उन्होंने मुख्यमंत्री से पौड़ी में भी अधिवक्ताओं के लिए चेंबर बनाने की मांग की। शनिवार को जिला अधिवक्ता संघ से जुड़े अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहे। संघ के सचिव गजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि देहरादून में चल रहे अधिवक्ताओं के आंदोलन को समर्थन देने के लिए यह कदम उठाया गया है। इस दौरान संघ ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर कहा कि अधिवक्ताओं को अपना काम सुचारू रूप से संचालित करने के लिए चैंबरों का बनना अतिआवश्यक है। चैंबर नहीं होने से अधिवक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सीएम से पौड़ी में बार चेंबर बनाने की मांग की। इस मौके पर संघ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह नेगी, उपाध्यक्ष लक्ष्मी रावत, सहसचिव स्वप्निल रतूड़ी, अभिषेक सजवाण आदि शामिल रहे।

## धूमधाम से मनाया बाल दिवस, प्रस्तुतियों से मोहा मन

### कबड्डी सीनियर वर्ग में रमन सदन रहा विजयी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : सनेह क्षेत्र के अन्तर्गत श्री गुरू राम राय पब्लिक स्कूल लालपानी में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। शनिवार को खेल सप्ताह के अंतिम दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य विभाकर डबराल ने कहा कि यह दिन सिर्फ एक उत्सव नहीं, बल्कि हमारे समाज को यह याद दिलाने का अवसर है कि बच्चे ही देश का भविष्य हैं। पंडित नेहरू का मानना था कि बच्चे ही वह मिट्टी हैं जिससे भविष्य की इमारत बनती है। कहा कि आज के बच्चे ही देश के भावी कर्णधार है। सभी को महापुरुषों से प्रेरित होकर कर्त्तव्यपथ पर आगे बढ़ते रहना चाहिए। कर्यक्रम का संचालन कक्षा 9 की छात्रा आयुषी रावत ने किया। खेल सप्ताह के अंतिम दिवस बैडमिंटन और कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बालिका सीनियर वर्ग बैडमिंटन प्रतियोगिता में रामानुजन सदन की अवनिका और भाभा सदन की आरुषि भारद्वाज विजयी रहीं। कबड्डी सीनियर वर्ग में रमन सदन ने जीत हासिल की। नॉन फायर कुकिंग प्रतियोगिता में सदनानुसार भेल पूरी, फ्रूट चाट, सेंडविच, रस-मलाई आदि बनाये गये। प्रतियोगिता में रामानुजन सदन प्रथम, भाभा सदन, द्वितीय, रमन सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



## पोखड़ा ब्लॉक के बगड़ीगाड में गुलदार की दहशत, विभाग ने बढ़ाई गश्त

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : पोखड़ा ब्लाक के बगड़ीगाड़ में गुलदार को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम ने डेरा डाला हुआ है। इस बीच विभाग ने प्रभावित गांव में गश्त भी बढ़ाई है।

हालांकि अभी तक गुलदार दिखाई नहीं दिया है। बगडीगाड़ में सक्रिय गुलदार के न तो मारे जाने और नहीं पकड़े जाने की वजह से स्थानीय ग्रामीणों की भी परेशानी कम नहीं हो पा रही है। पोखड़ा ब्लाक में गुलदार के हमले के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों में दहशत बनी है।

बता दें कि गत गुरुवार को खेतों में काम कर रही महिला को गुलदार ने निवाला बना दिया था। घटना के बाद वन विभाग ने यहां गुलदार को कैद करने के लिए जहां पिंजरे लगाए हुए हैं वहीं विभागीय ट्रैंक्यूलाइज टीम भी साथ में तैनात की गई है। टीम को अभी तक गुलदार नहीं दिखाई दिया है और नहीं यहां लगे ट्रैपिंग कैमरों में ही गुलदार कैद हो पाया है। अब विभाग ने यहां 4 से बढ़ाकर 7 कैमरा ट्रैप लगाएं हैं। पोखड़ा में सक्रिय हुए गुलदार को नरभक्षी घोषित करते हुए शूट के भी आदेश है। गढ़वाल वन प्रभाग के डीएफओ अभिमन्यु सिंह ने गुलदार पर टीम 24 घंटे नजर रख रही है साथ ही प्रभावित गांव में गश्त की जा रही हैं। एक ओर जहां दो ट्रैंक्यूलाइज टीम तैनात है वहीं गुलदार को कैद करने के लिए यहां दो पिंजरे भी लगाएं गए हैं। अभी तक गुलदार की कोई गतिविधि दिखाई नहीं दी है। इसके साथ ही स्थानीय लोगों को भी सतर्क रहने के लिए कहा गया है। पूर्व प्रमुख पोखड़ा सुरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि गुलदार के इस हमले के बाद मटगल, नौगांव, मेलगांव, मसमोली आदि गांवों में भी गुलदार की दहशत बनी है। देवकुंडाई में गुलदार ने गाय को निवाला बना दिया है।



### पोखड़ा ब्लॉक में एक दर्जन स्कूलें रही बंद

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जनपद पौड़ी गढ़वाल के पोखड़ा ब्लॉक में गुलदार का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। पोखड़ा ब्लाक के बगड़ीगाड़ में गुलदार की दहशत के मद्देनजर न्याय पंचायत देवराड़ी के तहत आने वाली एक से लेकर आठवीं तक के सरकारी और निजी स्कूलें शनिवार को भी बंद रहीं। गुलदार के हमले के बाद इस संबंध में एसडीएम चौबट्टाखाल की ओर से भी निर्देश दिए गए थे।

बता दें कि गत गुरूवार को बगड़ीगाड़ गांव में गुलदार ने एक महिला को निवाला बना दिया था। जिससे ग्रामीण दहशत में है। मुख्य शिक्षाधिकारी के आदेश के बाद उप शिक्षाधिकारी मनोज कुमार जोशी ने स्कूलों को बंद करने संबंधी आदेश जारी किए। जो स्कूल बंद रही उनमें बांसई तल्ली, घंडियाल, खाल्यूंखेत, मेलगांव, सकनोली, महरगांव, कसाणी, बगड़ीगाड, बीणा मल्ली, ए. स्कूल एकेडमी घिरोलीधार, बलदेव शिक्षा निकेनत खिलासू, नवदीप चिल्ड्रन एकेडमी पोखड़ा शामिल है।

## जनपद में नशामुक्ति पर 18 नवम्बर को होंगे विविध कार्यक्रम

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जनपद रुद्रप्रयाग में जागरूकता की दिशा में लगातार विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पूर्व में जनपद की सभी शैक्षणिक संस्थाओं, महाविद्यालयों एवं विभिन्न राजकीय कार्यालयों में छात्र-छात्राओं के मध्य भाषण, निबंध, पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं, जिनके माध्यम से युवाओं में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति व्यापक जागरूकता विकसित की गई। अभियान की पांचवीं वर्षगांठ के उपलक्ष में 18 नवम्बर 2025 को मुख्य कार्यक्रम बहुउद्देशीय क्रीड़ा भवन, अगस्त्यमुनि में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा अमृतसर, पंजाब से इस कार्यक्रम को लाइव संबोधित किया जाएगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी, रुद्रप्रयाग टी.आर. मलेठा ने बताया कि इस राष्ट्रीय कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों विशेषकर युवाओं को नशे से दूर रहने तथा अपने आसपास जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त भारत का संकल्प तभी साकार होगा जब अधिक से अधिक जन सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जनपद के सभी शैक्षणिक संस्थानों, महाविद्यालयों, विभिन्न संगठनों तथा आम जनमानस से अपील की है कि वे अधिक संख्या में भाग लेकर इस अभियान को सफल बनाएं तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में अपना योगदान दें।

## एक नजर

### बच्चों को खेल मैदान और मदर्स को फीडिंग रूम की सौगात

नई टिहरी। डीएम नितिका खण्डेलवाल ने बच्चों को खेल मैदान व मदर्स को फीडिंग रूम की सौगात उद्घाटन कर दी। जिला चिकित्सालय में मदर फीडिंग रूम तथा राप्रावि सेमलतप्पड़ कैमसारी में खेल पार्क की शुरूआत हुई। मदर फीडिंग रूम उद्घाटन के दौरान डीएम ने कहा कि मां का दूध बच्चे के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसके लिए मदर फीडिंग रूम का निर्माण कर एक नई पहल की गई है। बच्चों को समसय सबसे शुद्ध और सुरक्षित पोषण मिल सके तथा अस्पताल में मदर्स डॉक्टर, नर्स एवं अस्पताल में आने वाली महिलाएं बेझिझक अपने बच्चों को स्तनपान करा सकें, इसके लिए मदर फीडिंग रूम अहम होगा। डीडीए के माध्यम से बनाये गये मदर फीडिंग रूम में माताओं की जानकारी के लिए बच्चों के सम्पूर्ण आधार, स्वास्थ्य सुधार से संबंधित पोस्टर लगाये गये हैं तथा बच्चों के खेल एवं मनोरंजन को किट जोन बनाया गया है। बच्चों के डायपर चेंज की व्यवस्था, सीसी टीवी कैमरा, स्पीकर स्टैण्ड को लेकर भी दिशा–निर्देश दिये। राप्रावि सेमलतप्पड़ कैमसारी बौराड़ी में खेल पार्क के उद्घाटन के मौके पर डीएम ने बच्चों को खेल सामाग्री एवं चॉकलेट वितरित कर बाल दिवस की शुभकामनाएं दी। जिला विकास प्राधिकरण द्वारा पार्क को समतल कर सुरक्षा जाली एवं घास लगाई गई।

### ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर युवक से 13.72 लाख ठगे

देहरादून। रायपुर क्षेत्र के एक युवक से निवेश के नाम पर साइबर ठगों ने 13.72 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। रायपुर थानाध्यक्ष गिरीश नेगी के अनुसार सुरेंद्र सराफ निवासी सहस्त्रधारा रोड ने तहरीर दी कि उन्हें अगस्त में एक अनजान नंबर से व्हाट्सएप पर मैसेज आया था। उन्हें बताया गया कि वो ट्रेडिंग से अच्छी कमाई कर सकते हैं। उनसे एक ट्रेडिंग अकाउंट खुलवाया गया। वैशाली नाम की युवती ने उन्हें कॉल किया। उसने दूसरे नंबर पर कॉल कर संपर्क करने के लिए कहा, बताया कि इसके बाद उनका अकाउंट खुल जाएगा। इसके बाद उनका ट्रेडिंग अकाउंट चलने लगा। उनसे शुरुआत में 50 हजार रुपये जमा कराए गए। कुछ दिन बाद दो लाख रुपये लिए गए। इसके बाद उनसे लगातार रुपये जमा कराए गए। 13 लाख रुपये अधिक जमा करने के बाद उन्होंने कुछ रुपये अकाउंट से निकालने चाहे तो नहीं निकले। उसने और रुपयों की डिमांड की गई। इसके बाद उन्हें साइबर ठगी का शिकार हुआ। उन्होंने बताया कि वो खुद भी बिजनेस करते हैं।

### सोसायटी की जमीन बेचने पर पूर्व सचिव के खिलाफ केस

देहरादून। एलआईसी कॉपरेटिव हाउसिंग सोसायटी के प्लाट को पूर्व सचिव ने फर्जी तरीके से बेच दिया। आरोप है कि सचिव ने कुछ रकम सोसाइटी के खाते में जमाकर बाकी रकम हड़प ली। मामले में राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष प्रदीप रावत के अनुसार प्रेम सिंह ने बताया कि वो बीमा विहार कॉलोनी घोरखास सहस्त्रधारारोड, देहरादून के निवासी हैं और बीमा विहार एसोसिएशन के सदस्य हैं। पूर्व में सोसाइटी की मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष प्रमोद पंत और पूर्णचंद कांडपाल सचिव थे। कमेटी का 05 वर्ष का कार्यकाल अक्तूबर 2023 में खत्म हो गया था। जिसके बाद जनरल बॉडी मीटिंग में नई मैनेजमेंट कमेटी का चुनाव नहीं किया गया। आरोप है कि कांडपाल ने इसके बाद भी खुद को सचिव बताते हुए सोसाइटी को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने सोसाइटी के भूखंड को बेच दिया। आरोप है कि सर्किल रेट के रुपये सोसायटी के खाते में डाल दिए। सोसाइटी के लोगों को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने विरोध किया। पुलिस ने पूर्णचंद कांडपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### एसडीआरएफ उत्तराखंड राष्ट्रीय सीबीआरएन प्रतियोगिता में द्वितीय

देहरादून। नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की कैमिकल, बॉयलॉजिकल, रेडियोलॉजिक एंड न्यूक्लियर(सीबीआरएन) प्रतियोगिता में एसडीआरएफ उत्तराखंड ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है। शनिवार को दिल्ली में हुए समारोह में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने टीम को ट्रॉफी और पुरस्कार राशि प्रदान की।

पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड दीपम सेठ ने टीम को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व लुधियाना में हुई क्षेत्रीय प्रतियोगिता उत्तराखंड ने पहला स्थान प्राप्त किया था।

# खंड स्तरीय संस्कृत छात्र प्रतियोगिता में आर्मी पब्लिक स्कूल का दबदबा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

लैंसडौन : आर्मी पब्लिक स्कूल लैंसडौन ने उत्तराखंड संस्कृत अकादमी (उत्तराखंड सरकार) द्वारा आयोजित खंड स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता में 23 विद्यालयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपना परचम लहराया। यह एक दिवसीय प्रतियोगिता राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, लैंसडौन में संपन्न हुई।

14 नवंबर को आयोजित जूनियर वर्ग की प्रतियोगिताओं में कक्षा नौवीं की छात्रा परिधि गुसाई ने श्लोकोच्चारण में प्रथम स्थान, संस्कृत समूह नृत्य में प्रथम स्थान, कक्षा आठवीं की छात्रा चैल्सी रावत ने आशु भाषण में प्रथम स्थान प्राप्त किया। समूह गान में विद्यालय ने चतुर्थ स्थान अर्जित किया। सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं की छात्रा



नंदिता गुप्ता ने भी प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं 2300 की प्रोत्साहन धनराशि प्रदान की गई। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल एवं प्रभावी प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके प्रयासों की प्रशंसा की। विद्यालय की संस्कृत अध्यापिका श्रीमती संगीता धस्माना के कुशल निर्देशन में छात्रों ने इन सभी प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य विजेंद्र दत्त सुंद्रियाल ने संस्कृत भाषा के प्रति विद्यार्थियों में बढ़ते रूझान की सराहना करते हुए कहा कि ह्लसंस्कृत भाषा भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण आधार है। इसके अध्ययन से न केवल ज्ञान-विस्तार होता है, बल्कि नैतिक एवं सामाजिक मूल्यों का भी विकास होता है।ह्व प्रधानाचार्य ने स्कूल मैनेजमेंट की ओर से सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बाल अधिकार गोष्ठी का किया आयोजन

नई टिहरी। बादशाहीथौल में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में बाल अधिकार को लेकर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में डीएम नितिका खण्डेलवाल ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। गोष्ठी में डीएम ने कहा कि बाल अधिकार गोष्ठी का उद्देश्य समाज में ऐसा सकारात्मक वातावरण बनाना है, जहां हर बच्चा निर्भय होकर आगे बढ़ सकें, सीख सकें और अपनी क्षमता को पूरी तरह विकसित कर सकें।

बच्चों को शरीरिक एवं भौतिक रूप से सशक्त बनाने एवं मिथ जानकारी से बचाने के लिए जागरूक किया जाना आवश्यक है। शुगर बोर्ड के तहत सभी स्कूलों में बच्चों को अत्यधिक चीनी के सेवन के खतरों के बारे में विस्तार से जानकारी देने को कहा गया। बृजेश ने पिछले छह माह में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के किये गये महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी



देते हुए बताया कि 26 हजार मामलों का निराकरण तथा 23 सौ को तस्करी जैसे गंभीर स्थितियों से बचाया गया है। सभी राज्यों में राज्य एवं जिला स्तर पर गोष्ठियां, दौरे व औचक निरीक्षण किये जा रहे हैं। शुगर बोर्ड 14 राज्यों के 6 लाख से अधिक स्कूल जुड़ चुका है, जो बच्चों को अत्यधिक चीनी के सेवन के खतरों के बारे में शिक्षित कर रहा है। इस मौके पर चाइल्ड साइकोलाजिस्ट डा निशान्त इकबाल ने स्कूलों में बुलिंग और साइबर बुलिंग–पहचान, रोकथाम और प्रतिक्रिया तंत्र तथा डा रंजिता जौहरी ने स्कूलों में सुरक्षित वातावरण, टीचर, बच्चों एवं अभिभावकों के बीच सांमजस्य, वक्ता ममता रौथाण ने न्याधिक अधिकारों के बारे में जानकारी दी। सीडीओ वरूणा अग्रवाल ने कार्यक्रम की रूपरेखा सामने रखी। सचिव जिला विधिक सेवा आलोक राम त्रिपाठी, केन्द्र प्रशासक वन स्टाप सेन्टर रश्मि बिष्ट, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य किशोर न्याय बोर्ड की प्रधान मजिस्ट्रेट आफिन मतिन आदि मौजूद रहे।

## अवस्थापना पुनर्वास खंड नई टिहरी की शिफ्टिंग रोकने की मांग

नई टिहरी। नई टिहरी में स्थापित अवस्थापना पुनर्वास खंड नई टिहरी को नई टिहरी से हरिद्वार किये जाने की आशंका को लेकर सिंचाई विभाग कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों व कार्मिकों ने क्षेत्रीय विधायक किशोर उपाध्याय से मुलाकात कर खंड को अन्यत्र शिफ्ट न किए जाने की मांग करते हुए ज्ञापन दिया।

जिसमें पदाधिकारियों ने विधायक से कहा कि लगभग प्रत्येक जनपद में अवस्थापना का खंड कार्यरत है। जिनमें कार्य भी हो रहे हैं। नई टिहरी में भी यह खंड कार्यरत है, उसको खत्म कर शिफ्ट किया जा रहा है, कहा जा रहा है कि यह खंड हरिद्वार में कुंभ का कार्य करेगा। जबकि कुंभ के कार्य के लिए पहले से अन्य खंड कार्यरत हैं। अवस्थापना के कार्य को प्रदेश में देहरादून मुख्यालय से जोशीमठ, उत्तरकाशी आदि जनपदों का कार्य किया जा रहा। तो नई टिहरी से ही कुंभ का कार्य किया जा सकता है, क्योंकि इस खंड के तीन उपखंड ऋषिकेश में कार्यरत है वह कार्य कर सकते हैं। जैसा कि हरिद्वार ऋषिकेश के पुनर्वास संबंधी कार्य पूर्व में इनके द्वारा किया जाते रहे हैं ' जिस पर विधायक ने मुख्यमंत्री को खंड को अन्यत्र शिफ्ट न करने को लेकर पत्र लिखा है और आश्वासन दिया कि इस पर सीधे सीएम धामी से बात भी करेंगे। विधायक को ज्ञापन देने वालों में सिंचाई विभाग के कार्मिकों व पदाधिकारियों में गढ़वाल मंडल उप महामंत्री राजीव नेगी, अध्यक्ष सिंचाई विभाग कर्मचारी महासंघ टिहरी प्रदीप सजवान, सचिव मिनिस्टीरियल एसोसिएशन टिहरी गढ़वाल सतवीर पुंडीर , दिवाकर नौटियाल, दीपक नेगी, राजेश लाल, प्रशांत भद्री आदि शामिल रहे।

### रजत जयंती पर जनगणना गांव में कराने का लें संकल्प

नई टिहरी। अपनी गणना, अपने गांव अभियान से जुड़े लोगों ने हर प्रवासी से अपनी जनगणना अपने गांव में कराने की अपील की। कहा कि उत्तराखंड रजत जयंती उत्सव पूरे धूमधाम से मनाया जा रहा है। ऐसे इस रजत जयंती के मौके पर हर व्यक्ति को जनगणना गांव कराने का संकल्प लेना चाहिए। पूर्व ब्लॉक प्रमुख,राज्य आंदोलनकारी एवं अभियान के संयोजक जोत सिंह बिष्ट और पूर्व प्रमुख व पूर्व राज्यमंत्री रोशन लाल सेमवाल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि पहाड़ों से हो रहे पलायन के कारण गांव लगातार खाली हो रहे हैं। लोग रोजी–रोटी के लिए देश–विदेश में काम कर रहे हैं। गांव में रहने वाले लोगों की संख्या लगातार घट रही है। ऐसे में 2026–27 में होनी जनगणना में गांव में रहने वालों की संख्या और भी घट जाएगी। बताया कि 2001 की जनसंख्या के आधार पर हुए दूसरे परिसीमन में 9 पर्वतीय जिलों में विधानसभा सीटों की संख्या 40 से घट कर 34 और 4 मैदानी जिलों में 36 सीट हो गई। देश का अगला परिसीमन भी 2027 की जनसंख्या के आधार पर होगा।

## रुद्रप्रयाग में खंड स्तरीय प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन

### तीनों विकासखंडों में 800 से अधिक छात्र–छात्राओं ने दी उत्साहपूर्ण सहभागिता

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रायोजित तथा प्रदेश की द्वितीय राजभाषा संस्कृत के उत्थान के उद्देश्य से उत्तराखण्ड संस्कृत अकादमी, हरिद्वार की स्थापना के उपरान्त प्रतिवर्ष प्रदेशभर में खण्ड स्तर से लेकर प्रान्त स्तर तक विभिन्न संस्कृत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में वर्ष 2025 के तहत संस्कृत समूहगान, संस्कृत नृत्य, संस्कृत नाटक, संस्कृत वाद-विवाद, संस्कृत आशु भाषण एवं श्लोक उच्चारण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।



14 नवम्बर को कनिष्ठ वर्ग तथा 15 नवम्बर को वरिष्ठ वर्ग की प्रतियोगिताओं का जनपद रुद्रप्रयाग के तीनों विकासखंडों में उत्साह पूर्वक एवं सफल आयोजन किया गया। प्रत्येक आयोजन का शुभारम्भ वैदिक मंगलाचरण के साथ विधिवत रूप से किया गया। राइका रामाश्रम, जखोली में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सी.पी. सती, वित्त अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा रुद्रप्रयाग, विशिष्ट अतिथि एम.आर. मैंदुली, सहायक निदेशक, संस्कृत शिक्षा रुद्रप्रयाग द्वारा किया गया। अतिथिगणों ने संस्कृत भाषा की महत्ता, उपादेयता, वैज्ञानिकता तथा इसकी सार्वभौमिक लोक ग्राह्यता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्कृत भाषा में विश्व मंगल की भावना निहित है,

# उच्छाडुंगी और हनी वेदा फाउंडेशन के बीच ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई दिशा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : उच्छाडुंगी क्लस्टर लेवल फेडरेशन हनी प्रसंस्करण विकास केंद्र और गुजरात स्थित हनी वेदा फाउंडेशन के बीच आज एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने, किसानों की आय में वृद्धि करने तथा शहद प्रसंस्करण व मधुमक्खी पालन क्षेत्र को नई दिशा प्रदान करने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस समझौते का मुख्य उद्देश्य कृषि मूल्य श्रृंखला को विकसित करना, शहद प्रसंस्करण इकाइयों की क्षमता बढ़ाना और मधुमक्खी पालन से जुड़े किसानों एवं महिलाओं की आय में स्थायी वृद्धि करना है। यह पहल उछाडुंगी को शहद प्रसंस्करण के क्षेत्र में नई



ऊंचाइयों पर ले जाने में सहायक होगी तथा स्थानीय समुदायों के लिए नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगी। इसके अंतर्गत प्रमुख क्षेत्रों में संयुक्त रूप से कार्य किया जाएगा, जिसमें कृषि मूल्य श्रृंखला का विकास एवं किसानों की आय में वृद्धि, शहद एवं संबंधित उत्पादों की संपूर्ण आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत बनाया जाएगा, जिससे किसानों को प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ प्राप्त हो सके। उत्पाद विकास एवं परिष्करण सेवाएं, आधुनिक तकनीकों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण और नवीन शहद उत्पाद विकसित किए जाएंगे। बाजार अनुसंधान एवं विश्लेषण, उत्पादों के लिए संभावित बाजारों और उपभोक्ता वर्ग की पहचान कर प्रभावी विपणन योजना तैयार की जाएगी। ब्रांडिंग एवं पैकेजिंग विकास, उत्पादों के लिए आकर्षक, विश्वसनीय और प्रतिस्पर्धी ब्रांड पहचान स्थापित की जाएगी तथा आधुनिक पैकेजिंग समाधान विकसित किए जाएंगे, बिक्री एवं विपणन समर्थन, उत्पादों को व्यापक बाजार तक पहुंचाने हेतु रणनीतिक विपणन सहायता प्रदान की जाएगी।

### श्रम विभाग में सुविधाओं की कमी से मजदूर महिलाएं परेशान

नई टिहरी। पहाड़ की पुकार संगठन से जुड़ी महिलाओं ने डीएम व सीडीओ को ज्ञापन सौंपकर श्रम विभाग में पंजीकरण व रिन्यूअल के लिए आ रही महिलाओं के लिए सुविधायें प्रदान करने की मांग की। इनका कहना है कि श्रम विभाग महिलाओं की सुविधाओं को लेकर संवेदनहीन बना हुआ है। जिससे यहां आने वाली महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। श्रम विभाग नई टिहरी में प्रतिदिन लगभग चार से पांच सौ महिलायें अपना श्रम पंजीकरण व रिन्युअल के लिए जनपद के सभी नौ ब्लाकों से आ रही हैं। इन महिलाओं को श्रम विभाग में सुविधायें न होने के चलते भारी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं के लिए दो कमरे में चल रहे श्रम विभाग के कार्यालय में न तो पर्याप्त बैठने व खड़े होने का स्थान है, नहीं उनके लिए नियमित काउंटर बनाये गये हैं।

## 150वीं जयंती पर लौह पुरुष सरदार पटेल को किया याद

नई टिहरी। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर नरेंद्रनगर स्थित खेल मैदान में में रन फॉर यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री सरदार पटेल को श्रद्धांजलि देते हुए याद किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। शनिवार को नरेंद्रनगर में आयोजित रन फॉय यूनिटी कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक व केबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने दीप प्रज्जवलित कर किया। केबिनेट मंत्री उनियाल ने कहा कि, सरदार पटेल के सपनों का भारत एक स्वाभिमानी व आत्मनिर्भर भारत है, जिसे विकसित भारत बनने के सपने को साकार करने के लिए हम सबको अपनी अपनी सहभागिता देनी है। इस मौके पर आयोजित रन फॉर यूनिटी मार्च को केबिनेट मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। खेल मैदान से स्व. सोबन सिंह नेगी सामुदायिक भवन तक आयोजित रन फॉय यूनिटी में केबिनेट मंत्री के साथ ही ब्लॉक प्रमुख दीक्षा राणा, एसडीएम आशीष चंद्र घिल्डियाल, डीओ पीआरडी पंकज तिवारी, क्रीड़ा अधिकारी दीपक रावत, सीईओ वीपी सिंह, बीडीसी सदस्य सिद्धार्थ राणा, राजेंद्र भंडारी, संदीप पुंडीर, रेखा राणा, साकेत बिज्लवाण, पूर्व प्रमुख राजेंद्र भंडारी, पूर्व पालिकाध्यक्ष राजेंद्र विक्रम सिंह पंवार, विनीता देवी, सरोजनी देवी, आशा टंम्टा, स्कूली छात्र–छात्राएं, शिक्षक, पुलिस प्रशासन एवं तहसील प्रशासन आदि के लोगों ने प्रतिभाग किया। मंत्री ने किया सीवरेज योजना का शुभारंभ केबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने करीब एसपीए कार्यक्रम के तहत स्वीकृत 42 करोड़ की लागत से बनने वाली नरेंद्रनगर सीवरेज योजना का भूमि पूजन कर शुभारंभ किया।

## कार और बाइक सेंटरों का औचक निरीक्षण किया

देहरादून। दून में अब पुराने वाहनों की खरीद–फरोख्त के लिए एसओपी तैयार होगी। वाहन खरीद–फरोख्त का लेन–देन बैंक खातों से होगा। वाहन को बेचते समय खरीददार के सभी दस्तावेज और मोबाइल नम्बरों को सत्यापित करने की जिम्मेदारी विक्रय केंद्र संचालक की होगी। दिल्ली में हुए बम धमाके में इस्तेमाल की गई जिस कार जो डॉक्टर चला था वह उसके नाम नहीं थी। इसके बाद दून में भी पुराने वाहनों की खरीद–फरोख्त पर सवाल उठ रहे हैं, यहां पर पुराने वाहनों का बड़ा बाजार है, वाहन बेचने वाले डीलर महीनों तक वाहनों को अपने कब्जे में रख देते हैं, यह लापरवाही कभी भी भारी पड़ सकती है। डीजीपी के निर्देश पर एसएसपी अजय सिंह पुलिस टीम के साथ शनिवार को खुद शहर में उतरे। उन्होंने पुराने वाहन विक्रय और रेंटल कार और बाइक सेंटरों का औचक निरीक्षण किया। एसएसपी ने पुरानी कार और बाइक को बेचने और रेंट पर देने वाले सेंटर संचालकों के लिए एसओपी तैयार करने के निर्देश दिए। रेंट पर देने या बेचने पर भरना होगा फार्म एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि सेंटर संचालको को कार और बाइक आदि वाहनों को विक्रय और रेंट पर देते समय एक फार्म दिया जाएगा, जिसमें उनके द्वारा वाहन खरीदार की समस्त डिटेल्स भरकर उसकी पहचान से संबंधित समस्त वैध दस्तावेजो और उनके मोबाइल नम्बरों को लिया जाएगा,

### प्रेमनगर में शहीद सुरेन्द्र सिंह नेगी का स्मारक टूटने से लोग नाराज

देहरादून। प्रेमनगर के मोहनपुर बिजलीघर के पास स्थित कारगिल शहीद सुरेन्द्र सिंह नेगी के स्मारक को असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़ दिया गया। सुबह जब लोगों ने स्मारक को टूटे देखा तो पुलिस को सूचना दी गई। स्थानीय भाजपा नेता और वार्ड संख्या 92 आरकेडिया–वन के पार्षद अनिल प्रसाद नौटियाल ने प्रेमनगर थाने में इस सम्बंध में लिखित शिकायत दर्ज करवाई है। अनिल प्रसाद ने बताया कि चाय बागान क्षेत्र में शहीद सैनिक के स्मारक को तोड़े जाने से लोगों में आक्रोश है। बताया जा रहा है कि यह स्मारक रात के समय तोड़ा गया। ये पूरा क्षेत्र सैन्य बहुल है। पुलिस भी टूटे स्मारक का निरीक्षण करने मौके पर पहुंची। पुलिस के मुताबिक आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच की जांच की जा रही है।

## मेडिकल कालेज निर्माण के मानकों के अनुरूप है इणियां स्थल

नई टिहरी। जिला मुख्यालय पर मेडिकल कालेज के निर्माण को लेकर टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय के प्रतिनिधियों ने प्रेसवार्ता में बताया कि मेडिकल कालेज को लेकर राजनीति नहीं होनी चाहिए। मेडिकल कालेज को लेकर इणियां में पर्याप्त जगह तलाश ली गई है। यह जगह जिला मुख्यालय पर सभी संभावित स्थलों का परीक्षण करने के बाद तय की गई है।

इस स्थान पर मेडिकल कालेज के निर्माणी संस्था भी सरकार ने तय कर दी है। जिसके डीपीआर बनाकर अनुमानित 850 करोड़ रूपये का बजट भी तय किया गया है। टीएचडीसी व राज्य सरकार ने इस पर सहमति भी जताई है। एनएमसी को पूरी रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई। बीते दिवस पूर्व विधायक डा धन सिंह नेगी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा था कि मेडिकल कालेज को जिला मुख्यालय



पर बनना चाहिए, न कि इससे इतर, यह एनएमसी के नार्मस भी हैं और इससे जिला मुख्यालय नई टिहरी का रोजगार बढ़ेगा व पलायन भी रूकेगा। उन्होंने मेडिकल कालेज निर्माण में जिले के सभी 6 विधायकों व सांसद के सहयोग लेने की भी बात भी कही। पूर्व विधायक की इस मंशा को टिहरी विधायक किशोर के प्रतिनिधियों में हरी प्रसाद सकलानी, जयेंद्र पंवार, सुरेंद्र तोपवाल, अजीत व मदन सिंह ने जिला मुख्यालय पर पत्रकारों से वार्ता कर कहा कि जिन स्थलों की बात पूर्व विधायक नेगी कर रहे हैं।

## वैकल्पिक एवं स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने को हो कार्य: प्रधान

नई टिहरी। टीएचडीसी इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रो पावर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी टिहरी में एआईसीटीई अटल द्वारा प्रायोजित क्लीन एंड अल्टरनेट एनर्जी फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट इनोवेशन ट्रेंड्स विषय पर आयोजित एक सप्ताह का फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का समापन हुआ। जिसमें नवीकरणीय ऊर्जा,स्वच्छ ऊर्जा,जल संसाधन प्रबंधन और सतत विकास के क्षेत्र में हो रहे नवीन नवाचारों की जानकारी दी गई।

टीएचडीसी आईएचईटी में 10 नवंबर से आयोजित एक सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यशाला का शनिवार को संस्थान के निदेशक शरद कुमार प्रधान ने समापन करते हुए कहा कि वैकल्पिक एवं स्वच्छ ऊर्जा से संबंधित ऐसे कार्यक्रमों को नियमित रूप से बढ़ावा देना आवश्यक है। ताकि फैकल्टी सदस्य इस क्षेत्र में



शिक्षण,अनुसंधान और नवाचार हेतु प्रोत्साहित हो और भविष्य की ऊर्जा चुनौतियों के समाधान में योगदान दे सकें। प्रशिक्षण में आई आईटी,एनआईटी, सीएसआईआर लैब और अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों से विशेषज्ञों ने उच्चस्तरीय व्याख्यान प्रस्तुत किए। विशेषज्ञों ने ऊर्जा सुरक्षा,स्वच्छ तकनीक,हाइड्रो पावर,स्मार्ट ग्रिड, ग्रीन हाइड्रोजन,कार्बन न्यूट्रैलिटी और भविष्य की ऊर्जा की मांग पर जानकारी दी। इसके साथ ही हाइड्रो पावर प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण भी कराया गया।

## बिना लाईसेंस चल रहे पशु केयर सेंन्टर पर प्रशासन ने लगाया ताला

देहरादून। बदमाश डॉग हाउस शिमला बायपास रोड पर अवैध रूप से संचालित एक व्यावसायिक डॉग केयर सेंटर को डीएम सविन बंसल के आदेशों के क्रम आज उपडीएम कुमकुम जोशी एवं टीम ने सील किया गया। हाउस में पाए गए सभी 10 जानवर श्वान एवं बिल्ली एंजीओ को सौंपे जाएंगे। शहर में श्वान द्वारा काटने की बढती घटना परडीएम ने संज्ञान लेते हुए जनपद बिना लाईसेंस चल रही पैट शॉप, केयरिंग सेंन्टर प्रवर्तन कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

जिले अवैध पेट शॉप एवं केयर सेंटर की शिकायतों तथा प्रतिबन्धित प्रजाति के श्वान राने की शिकायत परडीएम ने कमिटी गठित करते हुए जांच कराई गठित जाँच कमेटी द्वारा बदमाश बोर्डिंग फैसिलिटी की स्थलीय उपरांत जॉच रिपोर्टडीएम को सौंपी। जाँच कमेटी द्वारा उपरोक्त बदमाश बोर्डिंग फैसिलिटी में पहुँच कर यह पाया गया कि तिमंजिला मकान में बोर्डिंग फैसिलिटी का बैनर लगा हुआ था जिसमें बदमाश बोर्डिंग हाउस एण्ड क्रेकरी का जीएसी नम्बर एंव अन्य विवरण लिखा गया था।

कमेटी के सदस्य द्वारा मुख्य द्वार पर कई बार घंटी बजाने के बाद भी कोई उत्तर नहीं मिला। कमेटी के सदस्य द्वारा देखा गया कि तीसरे मंजिल पर दो व्यक्ति कार्य कर रहे है। अतः कमेटी के सदस्यों ने उनसे बात करने के लिय ऊपर जाने का निर्णय लिया। प्रथम मंजिल में कमेटी के सदस्यों द्वारा कोई पशु नहीं देखा गया। दूसरी मंजिल में दो पर्शियन बिल्लियां घूमते हुए मिली, एंव बालकनी में सात–आठ पक्षी थी।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469 / 79
फोन / फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com